<u>संदेश</u>

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, मैं सभी महिलाओं को बधाई देता हूं।

यह दिवस, जीवन के विभिन्न आयामों में महिलाओं के योगदान के सम्मान का दिवस है-चाहे वह योगदान व्यक्तिगत हो या व्यवसाय से जुड़ा हो। भारत की महिलाओं ने अक़सर विकट चुनौतियों का सामना करते हुए अपने प्रयासों में सराहनीय सफलताएं प्राप्त की हैं। वे अपने परिवारों के लिए और हमारे समाज तथा राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं।

इस अवसर पर, हम एक ऐसे बेहतर समाज के निर्माण का संकल्प लें जहां महिलाएं अपनी पूरी क्षमता को साकार कर सकें और राष्ट्र के विकास में भरपूर योगदान दे सकें। आइए, एक ऐसे भविष्य के निर्माण के लिए कार्य करें जिसमें प्रत्येक महिला को बराबरी का अधिकार मिले, जिसकी वह वास्तव में हक़दार है।

मैं, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सफलता की कामना करता हूं।